# होली के रंगों से सराबोर हुआ रस-रंग समारोह कवि सम्मेलन व संगीत की शानदार प्रस्तुति



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अखिल भारतीय कलामन्दिर समूह, भोपाल के तत्वावधान में होली और रंगपंचमी के अवसर पर रस-रंग होलिकोत्सव समारोह का आयोजन शिवाजी नगर स्थित विश्वसंवाद केंद्र में किया गया।

कार्यक्रम में हास्य-व्यंग्य कवि सम्मेलन, लोकभाषाओं के होली गीत, शास्त्रीय गायन-संगीत और नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गौरीशंकर शर्मा 'गौरीश' ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राजेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विष्णु राजोरिया, वरिष्ठ पत्रकार पुष्पेंद्र अहिरवार तथा वरिष्ठ संगीतकार उल्हास तैलंग ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र का संचालन वी.के. श्रीवास्तव तथा द्वितीय सत्र का संचालन श्रीमती सुनीता शर्मा ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ, जिसके बाद अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ. गौरीशंकर शर्मा 'गौरीश' ने स्वागत भाषण देते हुए होली के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. विष्णु राजोरिया ने पौराणिक संदर्भों में होली के महत्व को बताया, जबकि डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने फाल्गुन मास में रंगों की परंपरा पर अपने विचार व्यक्त किए।

प्रथम सत्र में विभिन्न कवियों ने हास्य-व्यंग्य और होली विषयक रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। इसके बाद द्वितीय सत्र में लोकभाषाओं में फागुन और होली के गीतों की सांगीतिक प्रस्तुतियां दी गईं। आशा श्रीवास्तव, सुधा दुबे, डॉ. सुनीता शर्मा 'सिद्धि' और डॉ. दुर्गा सिंह सहित कई कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

करीब चार घंटे तक चले इस आयोजन में साहित्यकारों, संगीत प्रेमियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष हरिवल्लभ शर्मा 'हरि' ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम साहू की सड़क हादसे में मौत

**नप्र, भोपालः** छिंदवाड़ा जिले के हर्रई क्षेत्र में वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम साहू की रविवार शाम सड़क हादसे में मौत हो गई। वे बरमान से नर्मदा स्नान कर लौट रहे थे, तभी परतापुर के पास उनकी कार की सामने से आ रहे आयशर ट्रक से टक्कर हो गई। हादसा इतना गंभीर था कि श्याम साहू की मौके पर ही मौत हो गई।

कार में उनके साथ सवार एक व्यक्ति के हाथ-पैर टूट गए, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को पहले हर्रई अस्पताल लाया गया, फिर उनकी गंभीर हालत के कारण नरसिंहपुर रेफर किया गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। स्थानीय लोग और भाजपा कार्यकर्ता अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी लेने लगे। हर्रई और बरमान क्षेत्र में लोग श्याम साहू की ईमानदारी और जनता सेवा के कामों को याद कर रहे हैं। प्रशासन ने घायलों के इलाज और सड़क सुरक्षा की समीक्षा शुरू कर दी है।

# नारी शक्ति से ही संभव है विश्व में शांति



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** विश्व महिला दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि द्वारा संचालित सुख शांति भवन मेडिटेशन रिट्रीट सेंटर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की थीम 'गिव टू गेन' रखी गई, जिसमें महिलाओं को अपने भीतर के गुणों का दान कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत राजयोग प्रशिक्षिका बीके हेमा बहन ने की। उन्होंने कहा कि आज विश्व में बढ़ते टकराव और अशांति का मुख्य कारण मानव का अहंकार है। यदि नारी अपने स्वाभाविक गुण—शांति, करुणा, सहनशीलता और केयरिंग—को जागृत कर समाज में फैलाए, तो विश्व में शांति स्थापित हो सकती है। उन्होंने बताया कि 'गिव टू गेन' का संदेश है कि हम अपने भीतर के गुणों का दान करें, क्योंकि प्रेम, सम्मान और सकारात्मक ऊर्जा बांटने से वही हमारे जीवन में कई गुना होकर लौटती है।

मुख्य अतिथि शिवानी गुप्ता, अतिरिक्त आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश ने कहा कि नारी के भीतर करुणा, संवेदनशीलता और अपनत्व के गुण समाज को जोड़ने की शक्ति रखते हैं। आज समाज में बढ़ती दूरियों को कम करने में नारीत्व के ये गुण महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

कार्यक्रम में आर्किटेक्ट एवं सेना से सेवानिवृत्त अधिकारी बीके दुर्गा बहन ने कहा कि राजयोग मेडिटेशन व्यक्ति को मानसिक शक्ति और स्थिरता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि अहंकार टकराव का कारण बनता है, जबकि परमात्मा से जुड़कर व्यक्ति शांति और सुरक्षा का अनुभव करता है। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं को राजयोग मेडिटेशन का अनुभव कराया गया और समाज में शांति, प्रेम और सकारात्मक ऊर्जा फैलाने का संकल्प दिलाया गया।

# महिला दिवस पर 50 महिलाओं का सम्मान नवाचार और सेवा को मिली पहचान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अवधपुरी स्थित सुरभि सेलिब्रेशन में रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित करना और उनके योगदान को सार्वजनिक रूप से पहचान दिलाना था।

समारोह में भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार, सामाजिक सेवा और उद्यमिता में योगदान देने वाली करीब 50 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभिनेत्री उल्का गुप्ता उपस्थित रहीं।

उन्होंने सम्मानित महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सेवा और व्यवसाय सहित हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं और समाज के लिए प्रेरणा बन रही हैं। इस अवसर पर हरिओम जटिया, अदिति सक्सेना (एसीपी गोविंदपुरा), सुरेश तोमर, आराधना मालवीय और निक्की मालवीय सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

समारोह में वक्ताओं ने कहा कि सम्मानित महिलाओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इनमें समाज सेवा, नवाचार, उद्यमिता और विभिन्न सामाजिक व शैक्षिक पहलों को आगे बढ़ाने वाली महिलाएं शामिल हैं। मुख्य अतिथि उल्का गुप्ता ने युवाओं से अपील की कि वे महिलाओं की उपलब्धियों से प्रेरणा लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ही समाज और राष्ट्र के विकास को नई दिशा मिलती है।

## मिलन स्वीट्स पर इनकम टैक्स सर्वे

# टैक्स चोरी की आशंका में दस्तावेज खंगाले, संचालक से पूछताछ




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के एमपी नगर स्थित प्रतिष्ठित मिलन स्वीट्स एवं रेस्टोरेंट पर इनकम टैक्स विभाग ने रविवार सुबह अचानक सर्वे कार्रवाई की। टीम पुलिस के साथ रेस्टोरेंट पहुंची और दस्तावेज खंगालने लगी।

सूत्रों के अनुसार, कार्रवाई सेल कम दिखाकर कर चोरी की आशंका के चलते की जा रही है। टीम रेस्टोरेंट संचालक से पूछताछ कर रही है और टैक्स रिटर्न से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल कर रही है। इस दौरान आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार, रेस्टोरेंट में जून 2024 में भीषण आग लगी थी, जिसमें मिठाइयां, खाद्य सामग्री और कई दस्तावेज जलकर खाक हो गए थे। टीम उसी नुकसान और दस्तावेजों के अभाव में भी जांच कर रही है। इनकम टैक्स विभाग ने कहा कि कार्रवाई का मकसद कर चोरी रोकना और वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि जांच प्रक्रिया कानूनी और पारदर्शी तरीके से पूरी की जाएगी।

## भोपाल में पार्सल वाहन कंटेनर से टकराया चालक की मौत

**नप्र, भोपालः** भोपाल के सूखी सेवनिया बायपास पर ओवरटेक करने के प्रयास में पार्सल वाहन आगे चल रहे कंटेनर से टकरा गया। इससे चालक की मौत हो गई। हादसा रविवार तड़के हुआ। चालक अमेठी से माल लोड कर भोपाल में डिलीवरी देने आ रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मुईन अहमद पिता मोहम्मद सगीर अहमद (24) सूखी बायपास पर ओवरटेक करते समय पीछे से एक कंटेनर में टकरा गया। हादसे में घायल मुईन को राहगीरों ने 108 की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। वह अमेठी का रहने वाले थे। एक पार्सल एजेंसी के पार्सल वाहन को चलाने का काम करते थे। पार्सल लेकर उत्तर प्रदेश से भोपाल के लिए आ रहे थे। तभी हादसे का शिकार हो गए। रविवार की दोपहर को पुलिस ने शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

# महिला दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम व सम्मान समारोह आयोजित



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक संस्था द्वारा लेबर कैंप में रहने वाली महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम और महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, बच्चों के अधिकारों, कानूनी जानकारी और स्वास्थ्य संबंधी विषयों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपा पटेल ने महिलाओं को स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। वहीं शशि चौबे ने बाल अधिकार, घरेलू हिंसा और महिला अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सोनिया पटेल और कॉन्स्टेबल रमिया उइके ने महिलाओं को सुरक्षा और कानून से जुड़ी अहम बातें बताईं। इसके अलावा अधिवक्ता रोहित कौशिक और श्रद्धा बैरागी ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रृष्टि रघुवंशी सहित कई पदाधिकारी और स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस पहल के माध्यम से लेबर कैंप में रहने वाली महिलाओं को उनके अधिकारों, स्वास्थ्य और बच्चों के बेहतर भविष्य के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

## महापौर ने 'स्वच्छता पैडल साईक्लोथान' के पुरस्कार किए वितरित




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** महापौर श्रीमती मालती राय ने विधायक रामेश्वर शर्मा व भगवानदास सबनानी की उपस्थिति में स्वच्छता पैडल साईक्लोथान का पुरस्कार वितरण किया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को स्थानीय टी.टी. नगर स्टेडियम में आयोजित स्वच्छता पैडल साईक्लोथान के समापन समारोह में साईक्लोथान के प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। विस्तार न्यूज द्वारा आयोजित "स्वच्छता पैडल साईक्लोथान" के समापन समारोह में पर्वतारोही श्रीमती मेघा परमार सहित आयोजन समिति के सदस्य व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# भारत की न्यूजीलैंड पर शानदार जीत, हमारे खिलाड़ी विश्व के सर्वश्रेष्ठ : डा. यादव



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय क्रिकेट टीम के टी-20 विश्व कप जीतने पर टीम और देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाते हुए अनुशासन, परिश्रम और देशप्रेम के साथ विश्व में अपनी श्रेष्ठता साबित की है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा ज्ञ-20 वर्ल्ड कप क्रिकेट मुकाबला जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम और समस्त राष्ट्रवासियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मैच देखने के बाद मैच के विजयी क्षण की खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि भारत इस विजय का हकदार था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय क्रिकेटर सर्वश्रेष्ठ थे और सर्वश्रेष्ठ हैं। वे वर्ल्ड चैम्पियन की तरह ही खेले, एक बार फिर यह सिद्ध हो गया है कि अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्र प्रेम के भाव के साथ खेलते हुए खिलाड़ी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल होते हैं।

## देश से बेहतर रहा भोपाल का परिणाम

# फाउंडेशन में स्वास्तिक और सीए इंटरमीडिएट में मुस्कान भोपाल टॉपर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित सीए फाउंडेशन और सीए इंटरमीडिएट परीक्षा जनवरी 2026 के परिणाम घोषित हो गए हैं। भोपाल के छात्रों ने इस बार भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में भोपाल सेंटर से मुस्कान डांगी ने 447 अंक (74.50 प्रतिशत) प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया, जबकि सीए फाउंडेशन परीक्षा में स्वास्तिक गुप्ता 330 अंक (82.50 प्रतिशत) के साथ भोपाल टॉपर रहे। भोपाल ब्रांच ऑफ सीआईआरसी ऑफ आईसीएआई ने इसकी आधिकारिक सूचना जारी की है। जिसमें कहा गया है कि भोपाल का रिजल्ट देश से बेहतर रहा।

ऑल इंडिया रैंक 25 आने पर मुस्कान डांगी ने कहा कि मैं 10 महीनों से लगातार रोज 10 घंटे तक पढ़ाई करती थी। इसके अलावा रात में एक घंटे पूरे दिन पढ़े गए टॉपिक का रिविजन भी करती थी। इससे सभी कॉन्सेप्ट पूरी तरह क्लियर हो जाते थे। इसका फायदा मुझे मिला, जिसकी वजह से मेरा रिजल्ट बेहतर आया।

# नुक्कड़ वाली माता मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** सैनिक कॉलोनी स्थित प्रसिद्ध 'नुक्कड़ वाली माता मंदिर' में युवा पीढ़ी और बच्चों द्वारा आयोजित किए जा रहे सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में सकल हिन्दू समाज ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ विधि-विधान से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। आचार्य पंडित रवि पटेरिया और कथा व्यास आचार्य जितेंद्र महाराज ने पूजन-अर्चना संपन्न करवाई। इसके पश्चात संकटमोचन हनुमान जी की भव्य महाआरती की गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर धर्म लाभ लिया।

इस अवसर पर नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष कैलाश मिश्रा, पूर्व पार्षद बलवीर यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय ददलानी और जिला मंत्री योगेश वासवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने 'ॐ' का पवित्र उच्चारण एवं 13 बार विजय मंत्र का जाप कर सामूहिक पाठ की शुरुआत की।

इस आयोजन में समाजसेवी एसी साधवानी , विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह गुर्जर, जीतू कटारिया, बजरंग दल की दया मेयर, रूप कुमार सोनी, भाजपा नेत्री राधा राजपूत, रामजी ठाकुर सहित रोहित चौहान, खेमचंद यादव, नर्मदा मेवाड़ा, त्रिलोकयानी, मोनू श्रीवास्तव और एडवोकेट विष्णु प्रसाद बाथम जैसे अनेक गणमान्य नागरिक और रामभक्त उपस्थित रहे।

## मुरैना बोर्ड परीक्षा में नकल का हॉटस्पॉट, भोपाल दूसरे नंबर पर

**नई दुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश बोर्ड की 10वीं और 12वीं परीक्षा में इस साल करीब 16 लाख छात्र शामिल हुए। बोर्ड ने परीक्षा में नकल रोकने के लिए संवेदनशील केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, फ्लाइंग स्क्वॉड और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू की थी। बावजूद इसके मुरैना जिले में सबसे ज्यादा 41 नकल के मामले सामने आए, जबकि राजधानी भोपाल में 20 और सागर में 5 मामले दर्ज हुए। 10 फरवरी से 7 मार्च तक चलने वाली 12वीं और 10वीं परीक्षा में मुरैना में 12वीं की परीक्षा के दौरान 6-6 प्रकरण 10 और 13 फरवरी को दर्ज हुए। 19 फरवरी को 10वीं की परीक्षा में 9 मामले सामने आए। परीक्षा केंद्रों पर पेरेंट्स को गेट से दूर रखा गया और कड़ी निगरानी रही। भोपाल में 10 फरवरी को 12वीं की परीक्षा में 7 मामले दर्ज हुए, जिनमें से 6 कैमरों से पकड़े गए। इसके बाद 17, 18, 19, 23, 24 फरवरी और 2, 7 मार्च को भी नकल के मामले सामने आए।

# सिटी बस बंद से होने से सलैया के रहवासी परेशान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सलैया आसपास की एक दर्जन से अधिक कालोनियों के रहने वाले हजारों नागरिकों ने इस क्षेत्र से भोपाल सिटी की ओर चलने वाले आकृति ग्रीन से चिरायु अस्पताल तक चलने वाली बस के बंद होने पर क्षोभ व्यक्त किया है।

बस की सुविधा समाप्त होते ही आटो रिक्शा आदि सवारियों ने यात्रियों से भारी किराया वसूलना शुरु कर दिया है।कभी कभी आटो रिक्शा के अभाव में नागरिक ,विशेषकर वरिष्ठ नागरिक, महिलाओं बच्चों के लिये अत्यंत असुविधा का सामना करना पड़ता है। रहवासी हनुमान प्रसाद सोनी, अजय पाठक राजेन्द्र गीते आदि वरिष्ठ नागरिकों ने प्रशासन से अपील किया है कि इस क्षेत्र में बसों का परिचालन प्रारंभ किया जाये ताकि आवागमन की सुविधा हो। ज्ञातव्य है कि पहले भी यहां के नागरिकों ने समाचार पत्र के माध्यम से सरकार को बस प्रचालन के लिये अपील किया था। जन जन की बात कर लेते हैं। कुछ वरिष्ठजन जो जनता की समस्या को मीडिया के माध्यम से अधिकारियों को अवगत कराने के लिए सामाजिक उतर दायित्व का निरवाह कर रहे हैं। बीडीए के द्वारा रचित केनाल किंग सिप, शिव आंगन, घरोदा कालोनी को जोड़ने वाली सड़क जो पाटीदार/ मिसरोद चोराहे को जोड़ने वाली सड़क के दोनों ओर पेवर व डेनेज ढक्कन बीच- बीच में टूटे पड़े हुए हैं जो कभी भी भीषण दुर्घटना का करण बन रहे हैं। सुबह- शाम रात्रि में घूमने वालों को बहुत ही परेशानी हो रही है। जो गढ्डे में गिर रहे हैं। स्कूली बसें व डंपर पेट्रोल पम्प के सामने आए दिन खड़े कर दिए जाते हैं। टूट रहे ढक्कन भी समस्या हैं। बीच में बीडीए ने ढक्कन लगाकर खानापूर्ति कर ली, परंतु गुणवत्ता ठीक न होने से ढक्कन टूट जाते हैं। अधिकारियों की नींद कब खुलेगी। नया निर्माण कार्य चल रहा रोड पर स्थाई रेलिंग बना कर साइट पूरी दबा दी गई है। इस ओर धयान नहीं है। जिम्मेदारी किसकी है यह प्रश्न चिंता का विषय है। यदि कोई हाथ ठेला वाला अपनी जीविका चला रहा है साइट में लगाकर तो उससे जबरन वसूली कर ली जाती है। हमारे जन प्रतिनिधि भी इस ओर धयान दें। बीच में लगे पेड़- पौधों को भी लगा कर अपने हाल पर छोड़ दिया गया है न ही छटनी की जा रही न ही रख रखाव किया जा रहा है। गाय, बैल, आवारा कुत्तों से रोड घिरा रहता है। सुबह शाम घूमने जाने वालों की व अनय जनों को परेशानी के लिए कोन जिम्मेदारी ले। अपनी ढपली अपना राग चल रहा है। अधिकारी, कर्मचारी मौन हैं। नगर निगम व बीडीए दोनों संस्थान एक दूसरे पर जिम्मेदारी डाल कर बरी हो जाते हैं।